प्रेस विज्ञप्ति

सराहनीय कार्य

जनपद कानपुर देहात

दिनांक 11.08.2025

- थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर आत्महत्या करने के सम्बन्ध में पोस्ट करने वाले युवक को उसके घर अविलम्ब पहुँचकर बचाई गई जान।

कृपया अवगत कराना है कि थाना डेरापुर क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 11.08.2025 को युवक द्वारा आत्महत्या करने सम्बन्धी पोस्ट/वीडियो इंस्टाग्राम पर अपलोड किया गया, जिसके संबंध में मेटा कम्पनी से अलर्ट प्राप्त होने के उपरान्त पुलिस मुख्यालय (सिग्नेचर बिल्डिंग), लखनऊ, उ0प्र0 के द्वारा उक्त युवक द्वारा अपलोड की वीडियो, उसका मो0 नं0 व उसकी लोकेशन मीडिया सेल कानपुर देहात को उपलब्ध करायी गयी। प्राप्त सूचना पर थाना डेरापुर पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए इंस्टाग्राम पर आत्महत्या करने के सम्बन्ध में इंस्टाग्राम पर पोस्ट करने वाले युवक के घर अविलम्ब पहुंचकर उसकी जान बचायी गयी तथा उसकी काउंसलिंग की गयी। काउंसलिंग के दौरान युवक द्वारा बताया गया कि प्रेम-प्रसंग में विफल होने पर उसने व्यथित होकर इस तरह की पोस्ट डाल दी थी। युवक को उसके परिजनों को सुपुर्द करते हुए मुनासिब हिदायत दी गयी। युवक द्वारा दोबारा ऐसी हरकत न करने के सम्बन्ध में लिखित व मौखिक बयान दिया गया। परिजनों ने जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा की गयी त्वरित कार्यवाही की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार जताया।

पुलिस टीम का विवरण-

थाना डेरापुर पुलिस।